www.youvaworld.com

Date : Page :

Name - Aiman Rashid Eqbal

Class - XI

Roll No. - 450093182010

Mobile No. - 8210662245

School - J.M. Institute Of Speech And Hearing Patna

महात्मा गांधी

मोहनदास करमचन्द गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को हुआ था। वह भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार के अग्रणी नेता थे। उनकी इस अवधारणा की नीव सम्पूर्ण अंहिसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी जिसने भारत को भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम दिलाकर पूरी दुनिया में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिए प्रेरित किया।

उनकी नीतियां और एजेंडा अहिंसक थे। सन् 1915 में गांधी जी भारत लौट आए। देश की परिस्थितियों का अध्ययन किया। फरवरी 1919 में अंग्रेजों के बनाए रालॅट एक्ट कानून का उन्होंने विरोध किया। फिर गांधीजी ने सत्याग्रह आंदोलन की घोषणा कर दी। इसके परिणाम स्वरूप एक एसा राजनीतिक भूचाल आया, जिससे 1919 के बंसत में समूचे उपमहाद्वीप को झकझोर दिया।

इस सफलता से प्रेरणा लेकर महात्मा गांधी ने भारतीय स्वतंत्रता के लिए किए जाने वाले अन्य अभियानों में सत्याग्रह और अंहिसा के विरोध जारी रखे, जैसे कि - 'असहयोग आंदोलन', नागरिक अवज्ञा आंनदोलन', 'दांडी यात्रा', तथा भारत 'छोड़ो आंदोलन'।

गांधी जी के इन सारे प्रयासों से भारत को 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता मिल गई।

महात्मा गांधी के पूर्व भी शांति और अहिंसा के बारे में लोग जानते थे, परंतु उन्होंने जिस प्रकार सत्याग्रह, शांति व अहिंसा के रास्तों पर चलते हुए अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनका कोई दूसरा उदाहरण विश्व इतिहास में देखने को नहीं मिलता। तभी तो संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी वर्ष 2007 से गांधी जयंती को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की।

विश्व पटल पर महात्मा गांधी सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि शांति एव अहिंसा का प्रतिक है। ऐसे महान व्यक्तिव के धनी महात्मा गांधी की 30 जनवरी, 1948 को नई दिल्ली के बिड़ला भवन में नाथूराम गोडसे द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

Aiman Eqbal

Class - XI